
हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 28 जून 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4

## उप मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी, पीएचई नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (2 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)
कुनकुरी 7580834000
अंबिकापुर 7440435000

### पुलिस अधिकारी से मारपीट करना पड़ा महंगा

# डीएसपी के साथ मारपीट, सरकारी कार्य में व्यवधान, सात गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जशपुर के डीएसपी सुरक्षा विजय राजपूत के साथ मारपीट करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामाला कांसाबेल व पत्थलगांव के बीच का है। जशपुर के डीएसपी सुरक्षा विजय राजपूत अपने आरक्षक विनोद भगत के साथ स्कॉर्पियो वाहन से गौ रक्षा टीम तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करने कांसाबेल से पत्थलगांव आ रहे थे।

■ सात आरोपी पहुंचे सलाखों के पीछे

गाबहला चौक में धनीराम के घर के पास डीएसपी राजपूत ने बांस से लदी ट्रैक्टर के चालक को सही चलाने की समझाइस देने पर वहां मौजूद आनंद बेक,दीपक एक्का मार्शेल एक्का,प्रिंसि खलखो,मनोज तिर्की, मिलसन एक्का,इलियास कुजूर ने डीएसपी राजपूत के साथ मारपीट करते उनकी वर्दी फाड़ते सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया। श्री राजपूत ने घटना की जानकारी पत्थलगांव थाने में दी।



डीएसपी सुरक्षा की पिटाई करने वाले सभी सात आरोपी पुलिस गिरफ्त में ।

## पीडब्ल्यूडी के संभागीय लेखाधिकारी ने की कर्मचारी की पत्नी व बेटी पिटाई

पत्थलगांव। गाड़ी खड़ी करने की बात पर लोक निर्माण विभाग में कार्यरत संभागीय लेखाधिकारी आलोक मंडल ने विभाग के ही कर्मचारी पारस कैथल की पत्नी व बेटी की जमकर पिटाई कर दी। थाने में अपराध दर्ज किया गया है। मंगलवार रात करीबन 7 बजे के आसपास पीडब्ल्यूडी में कार्यरत संभागीय लेखाधिकारी आलोक मंडल ने विभाग के ही कर्मचारी पारस कैथल की पत्नी सुशीला कैथल,बेटी सुषमा कैथल व मोहित कैथल की जम कर पिटाई कर दी। पिटाई के वक्त आलोक मंडल की पत्नी भी वही मौजूद थी। पिटाई का वीडियो भी है, जिसमे आलोक मंडल सुशीला कैथल की बेटी सुषमा कैथल के साथ भी मार पीट करते दिख रहा है। शासकीय कर्मचारी के द्वारा महिला बेटी और उसके नाबालिग बच्चे के साथ इस तरह की गई मारपीट को पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी के द्वारा अमानवीय कृत्य कहा जा रहा है। उनका कहना है जब महिला का पति घर मे नही है तब महिला ⏭ शेष पेज 4 पर

■ थाने में अपराध दर्ज



कर्मचारी परिवार की पिटाई करते अधिकारी।

## एडीशनल एसपी ने किया पत्थलगांव थाने का निरीक्षण

**पत्थलगांव।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने पत्थलगांव थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाने में रखे अस्त व्यस्त सामान पर नाराजगी जताई। साथ ही मालखाना प्रभारी को समझाइए देते कहा, कि मालखाने में समान अच्छे ढंग से जमे हुए होने चाहिए। उन्होंने शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया। पुलिस थाने के अन्य विवेचक कमरों का भी बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमरे में बिजली के खुले हुए तार देखकर उन्होंने स्टाफ को जल्द बिजली के खुले तारों को सुधरवाने के निर्देश दिए। श्री सोनी ने सीसीटीएनएस शाखा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीएनएस कर्मचारियों को 30 जून के 12:00 के बाद 1 जुलाई को भारतीय दंड संहिता में परिवर्तन के संबंध में व नए भारतीय न्याय संहिता के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पत्थलगांव एसडीओ दुर्गेश जायसवाल मौजूद रहे।

■ मालखाना में पड़े अस्त व्यस्त सामान व खुली बिजली तारों पर जताई नाराजगी



मालखाने का ताला खुलवाते एडीशनल एसपी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# ठग अंकित का साथी करण भी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पुलिस ने 87 लाख 60 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी अंकित ताम्रकार के साथी करन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दकया गया है।

■ करन ने ठगी के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में किया था सहयोग

प्रार्थी कमलेश जैन उम्र 51 साल निवासी जशपुरनगर के द्वारा 27 मार्च को भूमि स्वामी की भूमि का रजिस्ट्री कराने या दिये गये रूपये वापस करने बाबत शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। जांच पर अनावेदक अंकित ताम्रकार निवासी सन्ना रोड जशपुर द्वारा आवेदक कमलेश जैन के साथ भूमि का सौदा की बात को लेकर लाखों रूपये लेकर धोखाधड़ी कर ठगी करना पाया गया। इसके बाद आरोपी अंकित ताम्रकार व उसके साथी करन सिंह के विरूद्ध प्रथम दृष्टिया धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुख्य आरोपी अंकित ताम्रकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि उसके साथी करन सिंह की तलाश जारी थी। गुरूवार को आरोपी के साथी करन सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। आरोपी करन सिंह ने आरोपी अंकित ताम्रकार को ठगी करने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में सहयोग किया था।

## खबर संक्षेप

### कौशल्या साय ने किया चेक का वितरण

**जशपुरनगर।** कुनकुरी जनपद पंचायत सभा कक्ष में गुरूवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने स्वेच्छानुदान की राशि का चेक तहसील कुनकुरी एवं दुलदुला के हितग्राहियों को वितरण किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, एसडीएम नंद पांडे, तहसीलदार मुखदेव यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। स्वेच्छानुदान राशि वितरण समारोह में कुनकुरी तहसील के कुल 69 हितग्राहियों को 12 लाख 85 हजार एवं दुलदुला तहसील के 25 हितग्राहियों को 3 लाख 20 हजार राशि के चेक का वितरण किया गया है। तहसील कुनकुरी से कुल 95 हितग्राहियों हेतु 17 लाख 50 हजार रूपए स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत हुए थे।

### स्टाफ नर्स भर्ती : पात्र अपात्र सूची जारी

जशपुरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति जशपुर के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन अंतर्गत स्टाफ नर्स एवं रेडियोग्राफर की वरीयता सूची जारी कि गयी थी। जिसमें त्रुटियां पायी गयी जिस हेतु आयोजित कौशल दक्षता परीक्षा को स्थगित किया गया था। उपरोक्त 02 पदों पर अभ्यर्थियों हेतु पुनः दावा आपत्ति किये जाने हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है।

### आईआईटी में हर्षराज ने हासिल किया 74 वां रैंक

**जशपुरनगर।** आईआईटी का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें जशपुर के रहने वाले हर्षराज सोनी ने आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल कर जिले के साथ राज्य नाम रोशन किया है। उन्होंने शिवाजी कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) से अपनी पढ़ाई पूरी की है। दूसरे प्रयास में उन्होंने कड़ी मेहनत कर बेहतर रैंक हासिल किया। उनकी बेहतर रैंक आने पर कॉलेज के प्राचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। हर्षराज सोनी के पिता संतोष कुमार सोनी एवं माता श्रीमती शोभा देवी सोनी दरबारीटोली में निवास करते हैं। आईआईटी में आल इंडिया रैंक में 74 वां रैंक हासिल करने पर माता-पिता बहुत खुश है। उन्होंने बताया कि हर्षराज को बैंगलोर साइंटिस्ट एजुकेशन में प्रवेश के लिए चुना गया है।



### जिले में 1 जून से अब 58.3 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 58.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 27 जून तक औसत वर्षा 137.2 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 5.3 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 40.9 मिमी, मनोरा में 95.9 मिमी, कुनकुरी में 39.5 मिमी, दुलदुला में 26.8 मिमी, फरसाबहार में 47.1 मिमी, बगीचा में 127.6 मिमी, कांसाबेल में 68.5 मिमी, पत्थलगॉव में 39.0 मिमी, सन्ना में 92.6 मिमी एवं बागबहार में 5.2 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

# 62 प्रतिभागियों का मारुति कंपनी के तकनीकी कोर्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए सभी क्षेत्रों में अवसर देने के लिए शासन-प्रशासन लगातार प्रयासरत है। जिसका बेहतर और सुखद परिणाम भी देखने को मिल रहे है। इस क्रम में जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर के साथ एक सुनहरा मौका दिया गया है। भारत सरकार व मारुती सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचलित दो वर्षीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रतिभागियों का इंटरव्यू लिया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित साक्षात्कार में जिले सहित अन्य राज्य से प्रतिभागी शामिल हुए। जहां जिले के अलग-अलग स्थानों पर विगत 20 जून, 23 जून और 25 जून को आयोजित प्रवेश परीक्षा के बाद चयनित 75 से अधिक प्रतिभागियों का ऑटोमोटिव विनिर्माण तकनीशियन कोर्स में प्रवेश के लिए साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के उपरान्त 62 प्रतिभागी का चयन, जल्द प्रशिक्षण शुरू होगा।

■ जिला प्रशासन के प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

जिला कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक प्रकाश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन और जिला कौशल विकास प्राधिकरण के समन्वय से बीते 7 दिनों में जिले के विभिन्न विकास खंडों में मारुति सुजुकी द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।कोर्स भारत सरकार के डीजीटी विभाग व मारुति उद्योग के संयुक्त तत्वावधान में चलाया जाने वाले कौशल परक कोर्स है। साक्षात्कार से पूर्व छात्रों को मारुति कंपनी कि सहायक कंपनी स्मार्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्राईवेट लिमिटेड द्वारा छात्रों की काउंसलिंग व लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 85 से अधिक प्रतिभागियों का चयन हुआ था और साक्षात्कार में 77 छात्रों ने भाग किया जिसमें से 62 छात्रों का चयन इस कोर्स के लिए हुआ है।



साक्षात्कार देने अपनी बारी का इंतजार करते युवक।

### दी जाएगी निःशुल्क प्रशिक्षण

दो वर्ष की ऑन द जॉब ट्रेनिंग मारुति सुजुकी इण्डिया लिमिटेड गुड़गांव व मानेसर प्लांट में दी जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रथम माह से ही रूपए 15,200 का मानदेय प्रतिमाह। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान प्रतिमाह 100 प्रतिशत उपस्थिति होने पर रूपए 1300 का अटेंन्डेन्स रिवॉर्ड। इसके लावा अन्य सुविधाये (कैन्टीन, यूनिफार्म, इंश्योरेंस व अध्ययन सामग्री)। दो वर्ष पश्चात उत्तीर्ण छात्रों को भारत सरकार द्वारा एनसीव्हीईटी सर्टिफिकेट प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। जिले में मारुति सुजुकी कंपनी को इस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए बुलाया गया था। यह ड्राइव जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित किया। इस पूरे प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। जिसमें साक्षात्कार के उपरान्त 62 प्रतिभागी का चयन किया गया है। यह आयोजन न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

## रेत परिवहन करते 6 टैक्टर जब्त

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं एसपी शशि मोहन के निर्देशन में तथा पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में रेत की अवैध खनन पर कार्रवाई की जा रही है। रेत खनन के लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी। जिस पर निरंतर कार्रवाई जारी रह है। इसी कड़ी में आज पत्थलगांव में अवैध रेत परिवहन पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार पत्थलगांव के रामाश्रय सिंह, नायब तहसीलदार बागबहार गणेश सिदार, राजस्व निरीक्षक केराकछार ताराचंद राठौर पटवारी सतीश दास, पुलिस विभाग से थानाप्र भारी टीआई विनीत पाण्डेय एवं टीम के द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए छः टैक्टर टाली में रेत भरा हुआ जप्ती कर कार्यवाही की गई।



रेत परिवहन में जब्त ट्रैक्टर।

# फरार चल रहा कुख्यात पशु तस्कर अस्फाक अंसारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान में अब तक सैकड़ों मवेशी तस्करों से छुड़ाए गए हैं। पकड़े गए मवेशी तस्करों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, पुलिस द्वारा निरंतर पशु तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते सैंकड़ों मवेशियों को जब्त किया गया है एवं फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया जा रहा है।

■ पशु तस्करों के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई

22 मार्च को प्रार्थी टिकेश्वर यादव उम्र 36 साल निवासी दाराखरिका ने थाना नारायणपुर में सूचना दी,कि 3 व्यक्ति हस्तिनापुर ग्राम से 06 रास मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते हुये झारखंड प्रांत की ओर ले जा रहे हैं, इस सूचना पर तत्काल थाना स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर मवेशी हांकने वाले गोकुल चौहान तथा संदीप चौहान को अभिरक्षा में लेकर पशुओं को जब्त किया गया। पूछताछ करने पर मवेशियों को अस्फाक अंसारी का होना बताया एवं झारखंड प्रांत की ओर ले जाना बताया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में अपराध क्रमांक 25/24 धारा छग कृषि पशु परि अधि 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान प्रकरण के आरोपी 1-संदीप चौहान उम्र 32 साल निवासी लोधमा थाना कुनकुरी एवं 2-गोकुल कुमार चौहान उम्र 38 साल निवासी हस्तिनापुर को 22 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। प्रकरण का मुख्य अभियुक्त अस्फाक अंसारी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया था।



आरोपी अस्फाक अंसारी

मुखबीर की सूचना पर 26 जून को दबिश देकर कार्यवाही करते हुए अस्फाक अंसारी को ग्राम खरवाटोली से अभिरक्षा में लिया गया एवं उक्त अपराध में सम्मिलित होना बताया है। आरोपी अस्फाक अंसारी उम्र 28 साल निवासी शिवराजपुर थाना घाघरा जिला गुमला (झारखंड), हाल मुकाम खरवाटोली को 26 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रार्थी राधेश्याम राम उम्र 58 साल निवासी चटकपुर ने 26 जून को थाना नारायणपुर में सूचना दी, कि ग्राम बेने तेतरटोली की ओर से एक मवेशी तस्कर 07 रास मवेशियों को क्रूरतापूर्वक मारते-पीटते झारखंड प्रांत की ओर ले जा रहा है इस सूचना पर तत्काल थाना नारायणपुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर 07 रास मवेशियों को जप्त कर सुरक्षार्थ रखवाया गया है। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर बताये कि मवेशी तस्कर दबाव में आकर वहां से भाग गया। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर थाना नारायणपुर में अपराध क्रमांक 58/24 धारा छग कृषि पशु परि अधि 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि की धारा 11 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, प्रकरण के फरार आरोपी की पतासाजी हेतु पुलिस टीम को लगाया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं पशु जप्ती कार्यवाही एवं अस्फाक अंसारी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, बेलसाजर तिर्की, पूरन पटेल, ओमप्रकाश यादव, बिरेन्द्र भगत एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा है।

**मिल रही सफलता**

जिला पुलिस द्वारा पशु तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। अभियान में निरंतर सफलता मिल रही है, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम को लगाया गया है।

**शशि मोहन सिंह**
पुलिस अधीक्षक जशपुर

### शासन की योजनाओं की दी जा रही जानकारी

# बगीचा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में पीएम जनमन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम जनमन योजना अंतर्गत जशपुर जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगो को लाभान्वित करने बगीचा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज ग्राम दनगिरी, ब्लादारपाठ ,कुहापानी सरबकोंबो में शिविर का आयोजन किया गया। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

**खास बात**

■ शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर किया जा रहा उपचार

विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों के बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका समाधान के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी देकर लाभान्वित किया जा रहा है।

सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर सार्थक प्रयास करते हुए विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय को लाभ पहुंचा रहे हैं। जिले को विकसित करने के साथ ही पहुंचविहीन क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है इसके साथ ही शिविर के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। शिविर में पहाड़ी कोरवा को पीएम जनमन कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों द्वारा सामुदाय के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्य और उत्थान के बारे में विभाग द्वारा जानकारी दी जा रही है।

समुदाय के लोगों के उत्थान के लिए कौशल विकास के साथ तथा स्व सहायता समूह गठन कर विभिन्न रोजगार हेतु जोड़ा जा रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर हो सके। उद्यान विभाग द्वारा पौधे वितरण किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई है जहां सिकलिन, बीपी शुगर, मलेरिया, टाइफाइड से अन्य बीमारियों की जांच कर उपचार किया जा रहा है।



शिविर में पहुंचे ग्रामीण।

# भृत्य के 3 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार 1 से


हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित भृत्य के 03 पदों पर सीधी भर्ती हेतु प्राप्त आवेदनों के अवलोकन एवं दावा आपत्ति निराकरण उपरांत भृत्य पदों पर भर्ती के संबंध में पात्र आवेदकों की अंतिम पात्र सूची कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के शासकीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

चयन समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित भृत्य के 03 पदों पर भर्ती के संबंध में पात्र परीक्षार्थी अनुक्रमांक 01 से 1411 तक का 01 से 07 जुलाई तक प्रातः 09 बजे से 11.00 बजे तक साक्षात्कार के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण किया गया है। तिथि अनुसार 01 जुलाई को अनुक्रमांक 01 से 150 तक, 02 जुलाई को अनुक्रमांक 151 से 300 तक, 03 जुलाई को अनुक्रमांक 301 से 450 तक, 04 जुलाई को अनुक्रमांक 451 से 600 तक, 05 जुलाई को अनुक्रमांक 601 से 750 तक, 06 जुलाई को अनुक्रमांक 751 से 900 तक एवं 07 जुलाई को अनुक्रमांक 901 से 1411 तक का साक्षात्कार होगा। आवेदकों व परीक्षार्थियों का विशेष रूप से धान आकृष्ट इस ओर कराया गया है कि भर्ती के संबंध में आयोजित साक्षात्कार में नियत तिथि पर साक्षात्कार हेतु आहूत किये गये परीक्षार्थी के, नियत तिथि से भिन्न तिथि तथा नियत समय पश्चात उपस्थित होने ⏭ शेष पेज 4 पर

27-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/27/2024 7:42 PM Page 1





# अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए की तीन प्रॉपर्टी

**मुंबई।** इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं।

## लाइफ Style

# ऋचा

## लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा ने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है।

उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ। हमें काम करना है। घर को बेबी प्रूफिंग की जरूरत है। हीरामंडी में ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया था। उन्होंने प्रेगनेंसी के दौरान वेब सीरीज का प्रमोशन भी किया था। ऋचा चड्ढा को लज्जो के रूप में दर्शकों से बेहद प्यार मिला था। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में ऋचा के साथ मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सेगल, संजीदा शेख जैसी एक्ट्रेस नजर आईं थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# चोट से नहीं उबर सके हैं जेरेमी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बर्फ में हुई दुर्घटना से अब तक पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब भी चुनौतीपूर्ण किरदारों को स्वीकार करने की स्थिति में नहीं हैं। हॉलीवुड स्टार जेरेमी रेनर को मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में हॉकआई की भूमिका से दुनियाभर में खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस किरदार के बाद उन्हें भारत में भी खास पहचान मिली। हाल ही में अभिनेता ने एक पॉडकास्ट में अपने बारे में खुलकर बात की।



# टॉम हैंक्स एआई की तस्वीर में दिख रहे युवा

**लॉस एंजिलिस।** टॉम हैंक्स इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। अभिनेता एक बार फिर से 'फॉरेस्ट गंप' के निर्देशक रॉबर्ट जेमेकिस के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हियर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने 'हियर' की एक तस्वीर को दर्शकों के संग साझा किया है। इस तस्वीर में फिल्म की अभिनेत्री रॉबिन राइट और टॉम हैंक्स एकदम युवा दिख रहे हैं। टॉम हैंक्स के फैंस में इस फिल्म को लेकर अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। 'हियर' को रॉबर्ट जेमेकिस ने एरिक रोथ के साथ मिलकर लिखा है। टॉम हैंक्स की आगामी फिल्म 'हियर' रिचर्ड मैकगायर के उपन्यास पर आधारित होगी। 2014 में प्रकाशित हुए इस ग्राफिक उपन्यास का नाम भी पर 'हियर' ही था। इस उपन्यास में एक ही स्थान पर एक सदी की कहानी लिखी गई है।



# ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई।** ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।



# नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।

## टीवी मसाला



# 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है'

## अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है. शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील'हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया'की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

## 3 साल की डेटिंग के बाद तेजस्वी करण का हो गया ब्रेकअप!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में कई रिश्ते बने, कुछ का प्यार हमेशा के लिए रहा, तो कोई कुछ सालों के बाद अलग हो गए. बिग बॉस 15 में यूं तो तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा एक दूसरे के कंपीटीटर बनकर आए थे, लेकिन शो को दौरान दोनों एक-दूसरे को दिल दे बैठे। दोनों ने बाहर आकर अपने प्यार को कबूल भी किया। लेकिन, तीन साल प्यार के रिश्ते में रहने के बाद अब खबर है कि दोनों के बीच अब सब खत्म को हो गया है। सूत्र ने बताया कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से छोटी-छोटी बातों पर बहस और लड़ाइयां हो रही थीं। इसलिए दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। दोनों अभी भी पब्लिक में एक साथ नजर आ रहे हैं। क्योंकि वो दोनों पिछले तीन साल से एक पावर कपल रहे। वो दोनों अभी अपने ब्रेकअप का जल्द ऐलान नहीं करने वाले हैं। हालांकि, करण और तेजस्वी ने अपने ब्रेकअप पर कोई भी कमेंट नहीं किया है।



# सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

**नई दिल्ली।** शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं। हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है।



# श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

*नई दिल्ली।* *साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था।*




*इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था।*

# अंजू महेंद्रू नहीं, इस एक्ट्रेस संग 'काका' की स्ट्रांग बॉन्डिंग देख जलती थीं डिंपल?

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था। अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। बॉलीवुड में यूं तो कई स्टार्स हैं, जिनके प्यार के किस्सों की अलग-अलग कहानियां हैं। एक जमाने में रेखा संग अमिताभ बच्चन की दोस्ती सुर्खियों में थी। देवानंद साहब के साथ सुरैया का नाम जुड़ा तो दिलीप कुमार के साथ मधुबाला. राजेश खन्ना बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार रहे। अंजू महेंद्रू संग उनके रिलेशनशिप में रहने और फिर अपनी उम्र से 16 साल छोटी डिंपल कपाड़िया से शादी कर खूब सुर्खियां लूटीं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अंजू महेंद्रू नहीं एक बॉलीवुड हसीना के साथ 'काका' की बॉन्डिंग इतने जबरदस्त थी कि कई बार तो उनकी



पत्नी यानी डिंपल कपाड़िया को भी जलन होने लगती थी।

डिंपल कपाड़िया को राजेश खन्ना ने तब चुना, जब उनका स्टारडम आसामान छू रहा था. अंजू महेंद्रू संग टूटे रिश्ते के बाद डिंपल उनकी जिंदगी में आईं। लेकिन बॉलीवुड की 'मुंजी' के साथ उनके दोस्ती से डिंपल को काफी जलन होती थी। जलन इस हद तक थी कि एक बार तो एक्ट्रेस ने काका से कह दिया था- 'उसी से शादी कर लेते'। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं मुमताज थीं। फिल्म इंडस्ट्री के लोग कई नामों से इन्हें बुलाते थे। राजेश खन्ना उन्हें प्यार से 'मोटी' कहते थे। देवानंद उन्हें प्यार से 'मुंजी' बुलाया करते थे और बहुत सारे लोग उन्हें उनके निक नेम 'मुमु' से पुकारा करते थे। राजेश खन्ना संग उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है और दोनों की जोड़ी को भी पर्दे पर लोगों ने काफी पसंद किया. 'प्रेम कहानी', 'दो रास्ते', 'आपकी कसम', 'दुश्मन', 'रोटी', 'अपना देश', 'राजा-रानी' और 'बंधन' जैसी कई फिल्मों में दोनों को साथ देखा गया। राजेश खन्ना और मुमताज की दोस्ती बहुत गहरी थी। एक बार वो भीड़ में बिना हिचक के राजेश खन्ना की जान बचाने चली गई थीं। लेकिन, राजेश खन्ना और मुमताज की इस दोस्ती से डिंपल कपाड़िया को जलन होती थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब राजेश खन्ना का नाम मुमताज से जुड़ा तो डिंपल को पहले तो विश्नास नहीं हुआ, लेकिन लगातार आ रही खबरों ने उनके विश्वास को डोला दिया और मन में शक होने लगा। अब, जब भी राजेश खन्ना मुमताज के साथ कोई फिल्म करते तो डिंपल सेट पर पहुंच जाया करती थीं।



# मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेदह खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### अश्लील फोटो भेजने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ के टीम द्वारा थाना सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध दर्ज धारा 509, ख 67, 67, आईटी एक्ट में विवेचना करते हुए साइबर सेल की मदद से मोबाइल से प्रार्थी को अश्लील फोटो भेजनें वाले अज्ञात आरोपी की पहचान देवकुमार निराला पिता मंगलदास निराला उम्र 25 वर्ष निवासी पिहरीद थाना मालखरौदा जिला सक्ती करने के पश्चात आरोपी को उसके निवास स्थल मे जाकर अपने अभिरक्षा मे लिया गया स आरोपी का कृत्य धारा सदर का पाये जाने तथा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफतारी की कारणों से अवगत कराकर 25 जून को विधिवत गिरफतार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कामिल हक, कैलाश जांगड़े, दिलीप तेंदुए, पुरूषोत्तम राठौर, ओमचंद साहू, सुरेन्द्र पटेल, 263 योगेश कुर्रे एवं साइबर सेल टीम की संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख भूमिका रही।

### ट्रक ने तोड़ी बाउंड्रीवाल दोपहिया क्षतिग्रस्त

**रायगढ।** पीडीएस का चावल खाली कर बैक करने के दौरान ट्रक के मकान की बाउण्ड्रीवॉल से टकरा जाने का मामला सामने आया है। ट्रक के टकराने से दीवार क्षतिग्रस्त हो गई तथा वहीं खड़ी एक दुपहिया वाहन भी चपेट में आई है। रिहायशी क्षेत्र में इस तरह की घटना से हडक़ंप मच गई और लोगों का हुजूम जमा हो गया। मामला शहर के वार्ड क्रमांक 28 पंजरी प्लांट का है। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम को चक्रधरनगर क्षेत्र के वार्ड क्र. 28 पंजरी प्लांट की शासकीय राशन दुकान में ट्रक सीजी 12 एस 2801 से का चावल आया था। चावल खाली करने के बाद चालक ने ट्रक को बेक किया तो मकान की बाउण्ड्री वाल से ट्रक जा भिड़ी।

## पेज 1 का शेष...

### पीडब्ल्यूडी के संभागीय ...

और उसके बच्चे के साथ इस तरह की मारपीट कर आलोक मंडल क्या दिखाना चाह रहा है। आवेदिका ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि मैं सुशीला कैथल पति पारस लाल कैथल निवासी पीडब्लूडी कालोनी पत्थलगांव में रहती हूं वाहन खड़ी करने को लेकर विभाग के ही आलोक मंडल ने रात्रि करीब 7, से 7, 30बजे के आसपास मुझे मेरी बेटी और मेरे बच्चे को जाती सूचक शब्द में गन्दी गन्दी माँ बहन की अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का और डंडा से पिटाई की है। इसमे मेरे चेहरे हाथ पैर में में काफी चोट आई है। कान में बहुत दर्द हो रहा है। इस तरह के कृत्य करने वाले आलोक मंडल के ऊपर पुलिस कड़ी कार्रवाई करे।

### भृत्य के 3 पदों ...

पर किसी भी परिस्थिति में उनका साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। प्रत्येक परीक्षार्थी को उनके अनुक्रमांक के अनुसार साक्षात्कार हेतु नियत तिथि पर ही साक्षात्कार समय से 01 घंटा पूर्व साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार तिथि को चयनित अभ्यर्थी कार्यालय के वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर साथ लाएंगे तथा आवेदन में संलग्न समस्त दस्तावेजों की मूल प्रति, पहचान से संबंधित दस्तावेज की मूल प्रति जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, वाहन चालन अनुज्ञप्ति साथ लेकर उपस्थित होगें।

**कार्यालय, सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-जशपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व सामान्य आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - जशपुर द्वारा अटल विहार योजना गम्हरिया जिला जशपुर (छ.ग.) में निर्मित MIG भवनों में से भवन क्रमांक Jr.MIG-I-04 का एकमुश्त आधार पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्र. 1246 दिनांक 16.06.2020 के तहत श्री अजय गुप्ता पिता- स्व. श्री मोती साव के नाम से आबंटित है।

आबंटिती श्री अजय गुप्ता द्वारा भू-खण्ड/ भवन को फ्री होल्ड कराने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था को नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

दिनांक: 27/6/2024

सम्पदा अधिकारी

### प्रदर्शन सुधारने की नसीहत, समय सीमा का ध्यान रखने के निर्देश

# उप मुख्यमंत्री ने की पीडब्ल्यूडी, पीएचई नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायगढ़ प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगरीय प्रशासन विभाग के कामकाम की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि सभी अधिकारी उनके दिए गए जिम्मेदारियों का स्वयं मूल्यांकन करते हुए कामों को बेहतर ढंग से पूरा करें। पीडब्ल्यूडी पीएचई और नगरीय निकाय में किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष रूप से ख्याल रखें। काम समय से पूरे होते हैं तो न केवल लोगों की विश्वसनीयता बढ़ती है और विभाग की छवि मजबूत होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान ईई पीडब्लूडी से जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि कार्यों का सही समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होना जरूरी है। काम में देरी से जहां काम की लागत बढ़ती है और गुणवत्ता भी प्रभावित होती है वहीं लोगों को सुविधाएं मिलने में भी विलंब होता है। इसलिए आवश्यक है कि काम समय से पूरे किए जाएं गुणवत्ता नियंत्रण के लिए अधिकारी लगातार फिल्ड पर निरीक्षण करें। कही समस्या आने पर उच्च अधिकारियों से सहयोग लें।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इसके पश्चात लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की। सबसे पहले जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में जल जीवन मिशन के कार्य प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन के कार्यों की पूर्णता के लिए कार्य वर्गीकरण किया गया है। इसमें स्थल विवाद, जल स्त्रोत परीक्षण और बिजली की उपलब्धता शामिल हैं। तीनों कार्यों का पंचायत के माध्यम से वेरिफिकेशन किया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत टंकियों के निर्माण से लेकर पानी की शुद्धता और उसकी पर्याप्त उपलब्धता के लिए तय गुणवत्ता के साथ कार्य किए जा रहे हैं जो आने वाले नवंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।



अधिकारियों की बैठक लेते डिप्टी सीएम अरुण साव।

**नगरीय निकायों के कार्यों की**

इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम और जिले के नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा की। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी से निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निगम कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बताया कि बरसात के समय शहर के निचले हिस्से में जल भराव की समस्या रहती है। इसलिए चिन्हांकित शहर के बड़े नालों की सफाई पोकलेन लगाकर की गई है। इसी तरह पानी निकासी की समस्या न हो इसलिए गैंग लगाकर शहर के सभी छोटे बड़े नालों की सफाई बरसात पूर्व कराई गई है। उन्होंने बताया कि अधोसंरचना मद से 27 कार्य प्रगति पर है। इसी तरह राज्य परिवर्तित योजनाओं के कार्य भी अपेक्षाकृत प्रगति पर है। इस दौरान उन्होंने जलजनित रोग के नियंत्रण के लिए निगम के बोरए हैण्डपंप के क्लोरिनेशन के साथ डब्ल्यूटीपी के पानी की आउटलेट, टंकी और घरों के आने वाले पानी की त्रिस्तरीय सैंपलिंग लेकर जांच की जा रही है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और निगम की टीम द्वारा जल जनित और डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि के लिए डोर टू डोर जाकर जनजागरूकता लाने संबंधित कार्य किए जा रहे हैं।

### 9 लाख रुपए जमा कराकर नहीं भेजा माल, थाने में शिकायत

**रायगढ़।** कन्वेयर लाईन के लिए आइडलर एवं रोलर क्रय करने के लिए वैजरॉन इण्डस्ट्रीज की ओर से हिन्दुस्तान कन्वेयर्स सिस्टम को अलग अलग किश्तों में तकरीबन 9 लाख 12 हजार रूपए का भुगतान किया गया। वहीं राशि मिलने के बाद भी संबंधित कंपनी ने माल की डिलिवरी नहीं की और कार्यालय को भी अन्यत्र स्थनांतरित कर दिया गया। वहीं प्रबंधक से भी किसी प्रकार का संपर्क नहीं होने पर वैजरॉन इण्डस्ट्रीज के क्रय प्रबंधक ने तदाशय की रिपोर्ट थाने में कराई है। वहीं पुलिस ने लाखों रूपए के भुगतान के बाद भी माल की आपूर्ति न करने पर हिन्दुस्तान कन्वेयर्स सिस्टम कंपनी के प्रबंधक के विरूद्ध धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। उक्त वाक्या कोतवाली क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के वैजरॉन इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड कंपनी का कार्यालय कृष्णा काम्पलेक्स में संचालित है। कंपनी के क्रय प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार तिलक ने कंपनी की आवश्यक्ता अनुसार कन्वेयर लाईन के लिए आइडलर एवं रोलर क्रय करने के लिए वृन्दावन कालोनी स्थित हिन्दुस्तान कन्वेयर्स सिस्टम के प्रोपराईटर सुब्रत सांतरा को दिसंबर माह में आर्डर किया था। वहीं 8 जनवरी से 13 मार्च के बीच तीन किश्तों में माल के भुगतान के रूप में 9 लाख 12 हजार 464 रूपए हिन्दुस्तान कन्वेर्स के खाते में ट्रांसफर भी किया गया था।


निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते उप मुख्यमंत्री।

## डिप्टी सीएम साव ने किया सड़क व जल प्रदाय योजना के निर्माण का अवलोकन

**रायगढ़।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने मंगलवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान रायगढ़ क्षेत्र के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ द्वारा भेलवाटिकरा संबलपुरी समूह जल प्रदाय योजना के तहत निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किए।

निर्माणधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में उप मुख्यमंत्री अरूण साव को ईई पीएचई ने बताया कि आस पास के 29 गांवो में जलापूर्ति की सुविधा प्रदान करने के लिए यह ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए रॉ वॉटर केलो डैम से पानी लाकर उसका ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने उप मुख्यमंत्री श्री साव को वॉटर ट्रीटमेंट की कार्यविधि से अवगत करवाया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने निश्चित समय अवधि में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर अधिकारी द्वारा बताया गया कि आगामी मार्च तक काम पूरा करने की समय.सीमा तय की गई है। मौके पर उन्होंने केलो डैम के इंटेक वेल का का भी निरीक्षण कियाए जहां से ट्रीटमेंट प्लांट में पानी सप्लाई किया जाएगा। ईई पीएचई ने बताया की इंटेक का बेस का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब ऊपरी हिस्सों का काम शुरू किया जा रहा है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने रायगढ़ पूंजीपथरा घरघोडा धरमजयगढ़ मार्ग के निर्माण कार्यों निरीक्षण कर अन्य निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी ली। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि रायगढ़ पूंजीपथरा घरघोड़ा धरमजयगढ़ मार्ग में 56 किण्मीण्का कार्य किया जा रहा है, कुछ स्थानों में निर्माण कार्य चल रहे है जो एक सप्ताह में पूर्ण हो जाएगा।

## आपातकाल दिवस पर मीसाबंदियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की। अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था।

श्री साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू.ब.रू कराते हुए आपातकाल का काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला भाजपा के उपाध्यक्ष कौशलेष मिश्रा ने कहा कि 25 जून आते ही हम सभी के मानस पटल पर आपातकाल की विभीषिका पुनर्जीवित हो उठती है हमारे लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए कितनी यातनाएं झेली ही आज हम सभी को उनके सम्मान का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में उपस्थित मीसा बंदियों को साल श्रीफल देकर आशीर्वाद लेकर उनका सम्मान किया। मीसा बंदियों में सुगमचंद फरमानिया, प्रमोद सराफ बाबूलाल पंडा, संजय तामस्कर, प्रांजल तामस्कर, स्व. जयदयाल के परिवार जन, स्व. रतन लाल अग्रवाल के परिवार जन, स्व. कृष्ण मिश्रा जी के परिवार जन, अमरीक सिंह सनसेना के परिवार जन, स्वर्गीय देवी प्रसाद अग्रवाल के परिवार जनए युधिष्ठर पंडा जी के परिवार जन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएम।

### विकास के लिए मंत्री से महापौर ने मांगे 66 करोड़

**रायगढ़।** शहर विकास के लिए मेयर श्रीमती जानकी काटजू ने प्रवास पर आए डिप्टी सीएम अरूण साव से 21 कार्यों के लिए 66 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि मांग की है। इसपर डिप्टी सीएम श्री साव ने मेयर श्रीमती काटजू की सभी मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने की आश्वासन दिया। मंगलवार को पीडब्लूडी, पीएचई एवं नगरीय निकाय मंत्री डिप्टी सीएम अरूण साव शहर के प्रवास पर थे। इस दौरान मेयर श्रीमती काटजू ने शहर विकास के संबंध में उनसे चर्चा की। चर्चा के दौरान मेयर श्रीमती काटजू ने शहर विकास के 21 कार्यों के लिए 66 करोड़ से ज्यादा की राशि की आवश्यकता बताते हुए फंड जारी करने की मांग की। उक्त सभी मांग पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने सकारात्मक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## सरिया में धान बीज के लिए भटक रहे किसान, लगा रहे समितियों के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सरिया तहसील क्षेत्र में इन दिनों सरना धान के बीच को लेकर किसान भटक रहे हैं। सेवा सहकारी समिति सरिया सहित क्षेत्र के अन्य समितियाँ में भी सरना धान बीज  एक सप्ताह से खत्म है। निजी दुकानों में सरना धान बीज उंचे दामों में बिकने से मध्यम व लघु वर्ग के किसान इसे अपने बजट से बाहर बता रहे हैं।

किसानों का कहना है कि समय पर सरना धान का बीज न मिलने से किसान परेशान हैं। धान की खेती यहां किसानों के लिए आजीविका के साथ-साथ आर्थिक प्रगति का भी एक माध्यम है। इस खेती में किसान अपना पूरा की जी जान लगा देता है। विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे किसानों के लिए एक दोहरा संकट यह है की सरिया तहसील क्षेत्र में इन दिनों सरना धान बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आंचलिक किसान संघ के अध्यक्ष मोहन पटेल ने बताया की सेवा सहकारी समितियां के गोदाम पर सरना धान बीज खत्म है। निजी दुकानों में अधिक दाम देकर खरीदने पर किसानों की लागत बढ़ेगी। दूसरा यह कि बीज असली है या नकली इसकी कोई भी गारंटी नहीं है। इधर जिला प्रशासन किसानों से अपील से बार.बार अपील कर रहा है कि किसान प्रमाणित बीज का उपयोग करें। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी सेवा सहकारी समितियां में सरना धान बीज की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।


समिति के बाहर खड़े किसान।

## जड़ी बूटियों से हो रहा भगवान जगन्नाथ का उपचार

**रायगढ़।** स्नानयात्रा में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र को धूप में अधिक स्नान करने पर मान्यता अनुसार लू लग जाने के कारण अस्वस्थ हो गए हैं, उनका उपचार जड़ी बूटियों के माध्यम से हो रहा है। इस दौरान श्रीमूर्ति त्रय के दर्शन पट बंद हैं। भगवान जगन्नाथ के भक्त ने बताया कि रायगढ में भी जगन्नाथ पुरी की परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है।

पौराणिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा से भगवान जगन्नाथ ज्वर से पीड़ित हैं। बलदाऊ व बहन सुभद्रा के साथ वे एकांतवास में हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी को इस समय सिर्फ औषधि व काढ़े का भोग लगाया जा रहा है। जगन्नाथ मंदिरों में भगवान के निजी सेवक व वैद्य भगवान की सेवा व उपचार कर रहे हैं। पंचमी तक काढ़े का भोग लगेगा। इसके बाइ कमजोरी दूर करने के लिए भगवान 10 दिन विश्राम करेंगे। स्वस्थ होकर रथयात्रा में प्रजा को दर्शन देने निकलेंगे। रथयात्रा, चल स्थापना विधि एवं अनुष्ठान वैदिक विधि से संपादित किए जाएंगे।



## 43 टन कबाड़ जब्त, वाहन चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी चौक तथा जिंदल गेट के समीप दो ट्रक व दो माजदा से 43 टन अवैध कबाड़ जब्त किया गया है। चारो वाहनों से जब्त कबाड़ की कुल कीमत 9 लाख 46 हजार रूपए आंकी गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा पुलिस ने जिंदल गेट पूंजीपथरा के पास वाहन चालक कमलेश चौधरी पिता स्वर्गीय बांकेलाल चौधरी उम्र 43 वर्ष निवासी शंकरगढ़ थाना शंकरगढ़ जिला प्रयागराज के ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईडी 9986 में लोड 16.260 टन कबाड़ जिसकी कीमत 3 लाख 52 हजार तथा वाहन चालक अरविंद यादव पिता भोरित यादव उम्र 40 साल निवासी सुल्तानी पंडुल थाना परसविधा जिला जहानाबाद के ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6389 में लोड 13 टन कबाड़ जिसकी कीमत 2 लाख 86 हजार रूपए आंकी गई है। दोनों वाहनों सहित कुल 43 टन कबाड़ जब्त किया गया है। इसी प्रकार गेरवानी चौक पर वाहन चालक सुभाष शर्मा पिता स्वर्गीय रामकुमार शर्मा उम्र 52 साल निवासी बरगढ़ थाना जिला बरगढ़ हाल मुकाम गढ़उमरिया के माजदा क्रमांक सीजी 13 एपी 2654 में 8.250 टन कबाड़ जिसकी कीमत 1 लाख 76 हजार एवं गेरवानी चौक पर वाहन चालक गुड्डू गोस्वामी पिता स्वर्गीय इंद्रदेव गोस्वामी 32 साल निवासी लोहार सिंह थाना पिपराटांड थाना पलामू के माजदा सीजी 13 एआर 1693 में 6 टन कबाड़ जिसकी कीमत 1 लाख 32 हजार रूपए आंकी गई है, जिसे जब्त कर लिया गय है।



## दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल



**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपेंद्र सिंह के रूप में की गई है जो मूल रूप से छपरा बिहार का रहने वाला था और एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड जामगांव में काम करता था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार रात करीब 9.30 बजे हुआ। उपेंद्र सिंह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से ड्यूटी से वापस आ रहा था। लोइंग पंडरीपानी लक्ष्मी मंदिर के पास उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इस टक्कर में उपेंद्र सिंह सहित उनकी बाइक पर सवार तीनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरी बाइक में सवार युवक मौके से फरार हो गया। इस घटना में उपेंद्र सिंह को सिर और पेट में गंभीर चोटें आई। आनन फानन में उन्हें मेट्रो अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी हालत को देखते हुए उन्हें जिंदल फोर्टिस अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उपेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं, अन्य दो घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल बरमकेला में प्रवेशोत्सव पर न्यौता भोज

**सारंगढ़।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल बरमकेला में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायकए विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार नायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सीएमओ अनिल सोनवानी, पार्षद सहित पालक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्प गुछ से स्वागत किया गया। सर्वप्रथम नन्हे मुन्ने बच्चों विद्यार्थियों को आरती उतारकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करनाए उनकी आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें नए सत्र में सफलता की कामना करना होता है। यह उत्सव छात्रों के बीच एक मेलजोल वातावरण है। हमारे जीवन का यादगार पलों में से एक यह भी है कि दो माह की छुट्टी के बाद बच्चों को विद्यालय में आने की उत्सुकता देखी गई। इस शाला प्रवेश उत्सव में अतिथियों द्वारा किताब ए सायकल का भी वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी बच्चों को नेवता भोज के तहत खाना खिलाया गया जिसमें विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह देखा गया वही पालक अपने बच्चों को स्कूल शाला प्रवेश उत्सव के दौरान छोड़ने के लिए आए हुए थे जिससे स्कूल के वातावरण एवं वहां के शिक्षकों को देखकर उत्साहित नजर आए। एसएन भगत जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि भाग्य नहीं कड़ी मेहनत पक्का इरादा सफलता की कुंजी होती है। परीक्षा में सफल होने के लिए उचित कार्य योजना बनाकर समय प्रबंधन के साथ.साथ सही दिशा में मेहनत की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों को सफलता के गुर सिखाते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमसागर नायक ने नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने पर छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने परिवार बरमकेला सहित पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें। प्राचार्य नरेश कुमार चौहान ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है और इस मंदिर को भी हमेशा साफ सुथरा रखना है, बच्चे हमारा भविष्य हैं।


शाला प्रवेशोत्सव के दौरान उपस्थित शिक्षिकाएं व विद्यार्थी।

### केलो के प्रदूषण से बचाने लामबंद हुए तमनार के ग्रामीण

**रायगढ़।** जिंदल पावर प्लांट तमनार द्वारा केलो नदी में गंदा पानी छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। ऐसे में जागरूक ग्रामीणों ने जेपीएल के खिलाफ बैठक करते हुए ठोस रणनीति भी तैयार कीए ताकि जलदायिनी केलो नदी का अस्तित्व बच सके। कोसमपाली सारसमाल के शिवपाल भगत दुकालू राम, कन्हाईराम पटेल तथा अन्य ग्रामीणों ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण भोपाल एनजीटी के आदेश का राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा पालन न किए जाने को लेकर 25 जून को रायगढ़ जिले के तमनार विकास खंड के ग्राम पंचायत कोसमपाली सारसमाल में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में कोसमपाली सारसमाल के अलावे गारे, पेलमा, मुड़ागांव, लमदरहा, टिहली रामपुर के महिला और पुरुष ने भाग लिया। साथ ही आगे की रणनीति तैयार की गई। ग्रामीणों ने काफी विचार मंथन के बाद सर्वसम्मति से ये निर्णय लिया कि केलो नदी में समाहित हो रहे जेपीएल के दूषित पानी को रोकने के लिए वे हर संभव लड़ाई भी लड़ेंगे, मगर नदी के अस्तित्व को बचाकर ही दम लेंगे।

